Title: Need to provide adequate financial assistance to State Government of Rajasthan to tackle the drought situation in Western Rajasthan.

15.59 hrs.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) : अध्यक्ष महोदय, अकाल के कारण पश्चिमी राजस्थान, विशेष रूप से चुरू जिले में गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। वर्षा न होने के कारण अधिकांश गांवों में फसल की बुवाई नहीं हुई, जहां बुवाई हुई वर्षा न होने के कारण फसल चौपट हो गई है। चारे व पेयजल की विकट समस्या हो गई है। राज्य सरकार ने आज तक गिरदावरी रिपोर्ट नहीं मंगवाई है, जिसके कारण अभी तक राहत कार्य शुरू नहीं किये गये हैं। सरकार अकाल राहत कार्य न जाने कब शुरू करेगी। पशुओं को तो चारा व पीने का पानी रोज चाहिए। गांव वाले परेशान होकर अन्यत्र पलायन कर रहे हैं।

अतः मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि अविलम्ब राजस्थान में अकाल से प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचाने के लिए प्रभावी कदम उठाये, ताकि अकाल के कारण जान-माल की सुरक्षा हो सके। इसके लिए राज्य सरकार को समुचित धन उपलब्ध कराया जाये।